No. of Printed Pages : 2 **Roll No. ....**

AA–1001

B.A. (Part-I) (Regular)

Term End Examination, 2021-22

FC : Hindi Language

Time : 3 hrs.] **[Maximum Marks : 75**

नोट– *प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए । प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं ।*

[इकाई-1]

1. (क) पल्लवन किसे कहते हैं ? इसकी परिभाषा एवं नियम बताते हुए निम्न का पल्लवन कीजिए : **8**

''नर और नारी जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं''

अथवा

पत्राचार का अर्थ बताते हुए अच्छे पत्र की विशेषताएँ बताइए एवं भेद को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'ईदगाह' कहानी की समीक्षा कीजिए। **7**

अथवा

'ईदगाह' कहानी के आधार पर हामिद का चरित्र-चित्रण कीजिए।

[इकाई-2]

2. (क) निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिए : (कोई-आठ) **8**

(i) देश में अराजकता की समस्या बढ़ रही है।

(ii) श्याम कल सारी रातभर जागता रहा।

(iii) मैं लेख लिखा।

(iv) चिकित्सक ने कहा कि अधिक बात मत करो।

(v) पिता ने पुत्र के लिए एक रुपया दिया।

(vi) यह पानी का कुआँ है।

(vii) आज बजट के ऊपर बहस होगी।

(viii) सम्राट देश में शासन करता है।

(ix) कृष्ण और राम अपने घर गए।

(x) हम दोनों की स्थिति समान है।

अथवा

निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : (कोई-आठ)

परोक्ष, प्रणय, फौजी, बाल, प्रायः, पतला, भाला,
मछली मेहमान, लोहा ।

(ख) ''भारत वंदना'' का केन्द्रीय भाव लिखिए। **7**

अथवा

''भारत वंदना'' में उल्लेखित प्राकृतिक दृश्यों का वर्णन कीजिए।

(कृ० प० उ०)

[इकाई-3]

3. (क) देवनागरी लिपि के नामकरण को स्पष्ट करते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए । 8

अथवा

संक्षेपण की परिभाषा बताते हुए इसकी विशेषताएँ, महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

निम्न अवतरण का संक्षेपण कीजिए :

''स्वराज्य एक अति व्यापक अवधारणा है। इसका आदर्श रामराज्य तथा लक्ष्य सर्वोदय है। सत्य तथा अहिंसा इसकी प्राप्ति के साधन हैं तथा धर्म व नैतिकता इसकी बुनियाद हैं। स्वराज्य की यह अवधारणा राज्य की पराधीनता से मुक्ति पाने से भले ही आरम्भ हो, किन्तु इसको साध्य आत्मा की स्वतन्त्रता को प्राप्त करता है। इसकी प्राप्ति के पश्चात् सर्वत्र शान्ति होगी। प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग होगा।''

(ख) ''भोलेराम का जीव'' में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 7

अथवा

निबंध ''भोलाराम का जीव'' आज भी प्रासंगिक है, स्पष्ट कीजिए । अपना मत प्रकट कीजिए ।

[इकाई-4]

4. (क) कम्प्यूटर में हिन्दी की सुविधाओं का वर्णन कीजिए । 8

अथवा

आधुनिक युग में कम्प्यूटर की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ख) शिकागो से स्वामी विवेकानंद के द्वारा लिखे गए पत्रों का सारांश लिखिए। 7

अथवा

शिकागो से स्वामी विवेकानंद के पत्र में उल्लेखित उनके विचारों को प्रकट कीजिए ।

5. (क) मानक, अमानक एवं उपमानक भाषा क्या है ? मानक भाषा के प्रमुख लक्षण बताइए। 8

अथवा

मानक हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालिए ।

(ख) मध्य काल की सामाजिक गतिशीलता पर एक निबंध लिखिए। 7

अथवा

प्राचीन काल, मध्यकाल एवं आधुनिक काल की सामाजिक गतिशीलता का तुलनात्मक सार प्रस्तुत कीजिए ।